परमाणु ऊर्जा आयोग का पुनर्गठन

[स्रोत: इकोनॉमिक टाइम्स](#)

सरकार ने हाल ही में **परमाणु ऊर्जा आयोग (AEC) का पुनर्गठन** किया है।

- **परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE)** के सचिव **अजीत कुमार मोहंती, AEC** के **अध्यक्ष** हैं और **राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (अजीत डोभाल)** इसके प्रमुख सदस्यों में से एक हैं।
- **परमाणु ऊर्जा आयोग (AEC): AEC का गठन पहली बार अगस्त 1948** में **वैज्ञानिक अनुसंधान विभाग** के तहत परमाणु ऊर्जा अनुसंधान की देखरेख हेतु किया गया था।
    - **वर्ष 1958** में **परमाणु ऊर्जा विभाग** के अंतर्गत परमाणु ऊर्जा आयोग का पुनर्गठन किया गया तथा **वर्ष 1954 में प्रधानमंत्री के प्रत्यक्ष प्रभार** के अधीन इसकी स्थापना की गई।
    - **परमाणु ऊर्जा विभाग** के सचिव, इस आयोग के **पदेन अध्यक्ष** के रूप में कार्य करते हैं तथा अन्य सदस्यों की नियुक्ति **प्रधानमंत्री के अनुमोदन** पर प्रतिवर्ष की जाती है।
    - AEC **परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने, परमाणु प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, खाद्य सुरक्षा** एवं **ऊर्जा स्वतंत्रता** में प्रगति के माध्यम से भारत को सशक्त बनाने के लिये नीतियाँ तैयार करने पर केंद्रित है।

और पढ़ें: [विद्युत उत्पादन के लिये परमाणु ऊर्जा संयंत्र](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/reconstitution-of-atomic-energy-commission